धनबाद, मंगलवार
29 जनवरी 2019
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com





अमेरिका ने पुतिन के करीबी की तीन कंपनियों से हटाया प्रतिबंध 12

पांड्या की वापसी से बेहतर हुआ टीम का संतुलन 10




# स्कूल में मिलता पर्वतारोहण प्रशिक्षण

- वार्षिकोत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीपीएस छात्र पुरस्कृत
- समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि तेनजिंग नोर्गे ने किया

जागरण संवाददाता, आसनसोल: दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल का वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि तेनजिंग नोर्गे अवार्ड से सम्मानित प्रसिद्ध पर्वतारोही दीपांकर घोष ने किया। उद्घाटन के पश्चात इस वर्ष से विद्यालय में छात्रों को रॉक क्लाइम्बिंग के प्रशिक्षण का शुभारंभ दीपांकर घोष द्वारा किया गया। रॉक क्लाइम्बिंग का प्रशिक्षण प्रदान करने वाला दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल शहर का प्रथम एवं पश्चिम बंगाल का तीसरा स्कूल है।

समारोह के दौरान दीपांकर घोष ने कहाकि आज का छात्र कल का निर्माता है। यदि यह वर्ग सचेत हो जाए तो निश्चित रूप से एक सुनहरे भविष्य की कल्पना की जा सकती है।

प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य 'जादू', 'गलती से मिस्टेक', 'सॉरी सॉरी', 'नाच मेरी जान' ने दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। इसके पश्चात वरिष्ठ वर्ग के छात्रों द्वारा शास्त्रीय व पाश्चात्य नृत्य पेश किया गया। वही मुंशी प्रेमचंद की कहानी पंच-परमेश्वर' का मंचन अंग्रेजी नाटक के रूप में किया गया। जिसमें मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखने का छात्रों ने संदेश दिया। इसके पश्चात हिंदी नाटक पापा में एक मध्यमवर्गीय पिता की विवशता और संतान की आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु अपनी इच्छाओं की बलि देते पिता की मार्मिक स्थिति का छात्रों ने अत्यंत भावपूर्ण चित्रण किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा रचित कव्वाली को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कूल प्रबंधन की ओर से राशि देकर पुरस्कृत किया गया द्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों में मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दुर्गा प्रसाद साहू को 10 हजार तथा कराटे में प्रांतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अर्नब को 7 हजार का चेक दिया गया।





दिल्ली पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव में नाटक का मंचन करते बच्चे ● जागरण

2018-19 में विद्यालय में होने वाली गतिविधियों में उद्घोषक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ उद्घोषक अनंत शर्मा को चुना गया द्य इसी श्रेणी में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं क्रमशः नैनिका अग्रवाल तथा अमीषा बाँका रहीं। इस दौरान स्कूल के चेयरमैन प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी. शर्मा, शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित थे।